चित्रकला (कोड 032)
प्रदर्श प्रश्न पत्र
कक्षा -X (2026 - 27)

समय – 2 घंटे **अधिकतम अंक – 30**

सामान्य निर्देश :

• निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

• इस प्रश्नपत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

• खंड–क में 8 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 1 अंक का है।

• खंड–ख में 5 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 2 अंक का है।
(उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखें।)

• खंड–ग में 3 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक 6 अंक का है।
(तीन में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखें।)

खंड – क ($1 \times 8 = 8$ अंक)

1. कला का कौन-सा तत्त्व स्पर्श या दृश्य रूप से अनुभव किया जाता है?
   A. आकार (Shape)
   B. बनावट (Texture)
   C. मान (Value)
   D. स्थान (Space)

2. सिंह स्तंभ (Lion Capital) के निर्माण में किस सामग्री का उपयोग किया गया था?
   A. पालिश किया हुआ बलुआ पत्थर
   B. संगमरमर
   C. कांस्य
   D. तांबा

3. कला का कौन-सा सिद्धांत पूर्णता और सामंजस्य उत्पन्न करता है?
   A. एकता (Unity)
   B. लय (Rhythm)
   C. संतुलन (Balance)
   D. प्रमुखता (Emphasis)

4. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऑयल पेस्टल के लिए सही नहीं है?
   A. यह अपारदर्शी होता है
   B. इसे मोटी परतों में लगाया जा सकता है

C. इसके रंग चमकीले दिखाई देते हैं
D. यह पारदर्शी होता है

5. रंग चक्र (Colour Wheel) में विपरीत स्थित रंग कौन-से कहलाते हैं?
A. समरूप रंग (Analogous Colours)
B. उष्ण रंग (Warm Colours)
C. पूरक रंग (Complementary Colours)
D. तटस्थ रंग (Neutral Colours)

6. चित्रकारी से पहले रंगों को परखने और तैयार करने के लिए कलाकार किस उपकरण का उपयोग करता है?
A. ब्रश
B. ईजल (Easel)
C. पैलेट
D. पेंसिल

7. वारली चित्रकला परंपरागत रूप से किस सतह पर बनाई जाती थी?
A. मिट्टी की दीवारों पर
B. कागज पर
C. कैनवास पर
D. कपड़े पर

8. कला का कौन-सा तत्त्व दो-आयामी बंद क्षेत्र को दर्शाता है?
A. रेखा (Line)
B. आकार (Shape)
C. मान (Value)
D. स्थान (Space)

खंड – ख (2 × 5 = 10 अंक)

9. पेंसिल स्केचिंग और शेडिंग के लिए सबसे सरल उपकरणों में से एक है।

i. पेंसिल के अंदर और बाहर उपयोग होने वाली दो सामग्रियों के नाम लिखिए।
ii. शेडिंग के लिए H या B में से कौन-सी पेंसिल उपयुक्त होती है और क्यों?

अथवा

ब्रश चित्रकारी में विभिन्न प्रभाव उत्पन्न करने में सहायक होते हैं।

i. दो प्रकार के ब्रशों के नाम लिखिए।
ii. आप किस प्रकार के ब्रश का उपयोग करना पसंद करेंगे और क्यों?

10. कला के सिद्धांत एक सुंदर दृश्य व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

i. 'एकता' (Unity) को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।
ii. 'सामंजस्य' (Harmony) को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

अथवा

कला के तत्त्व चित्रांकन की आधारशिला होते हैं।

i. 'रेखा' (Line) को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।
ii. 'आकार' (Shape) को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए।

11. सिंह स्तंभ (Lion Capital) भारतीय कला में महत्वपूर्ण स्थान रखता है और अपने प्रतीकात्मक अर्थ के लिए प्रसिद्ध है।

i. सिंह स्तंभ द्वारा व्यक्त प्रतीकात्मक संदेश को स्पष्ट कीजिए।
ii. इस मूर्ति की किसी एक स्थापत्य (Architectural) विशेषता का वर्णन कीजिए जो आपको प्रभावशाली लगती है।

अथवा

i. यह किस वंश (Dynasty) से संबंधित है तथा किस स्थान पर स्थित है?
ii. इसके अधिष्ठान (Abacus) के चित्रण का वर्णन कीजिए।

12. रंग किसी भी कलाकृति की अभिव्यक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

(A)
i. शीतल रंग (Cool Colours) क्या होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
ii. ये सामान्यतः किस भावना को व्यक्त करते हैं?

अथवा

(B)
i. तटस्थ रंग (Neutral Colours) क्या होते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
ii. चित्रकला में इनके एक उपयोग का उल्लेख कीजिए।

13. एलोरा स्थित कैलाशनाथ मंदिर को स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण माना जाता है।

i. इसके निर्माण में कौन-सी उत्खनन (Excavation) विधि का उपयोग किया गया?
ii. इसकी किसी एक अन्य स्थापत्य विशेषता का उल्लेख कीजिए।

अथवा

i. इसमें प्रयुक्त माध्यम का नाम तथा यह किस गुफा में स्थित है, लिखिए।
ii. मंदिर की संरचना के किसी एक भाग का वर्णन कीजिए।

खंड – ग (6 × 2 = 12 अंक)

(तीन में से किसी दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – प्रत्येक 6 अंक – लगभग 200 शब्दों में)

14. कला के माध्यम से भावनाओं और विचारों की अभिव्यक्ति की जाती है। मान लीजिए कि आप पोस्टर रंगों से एक चित्र बना रहे हैं—

i. पोस्टर रंगों के उपयोग के कोई दो लाभ लिखिए।
ii. आप किन दो उपकरणों का उपयोग करेंगे और क्यों?
iii. किसी एक कला सिद्धांत तथा एक कला तत्त्व का विस्तार से वर्णन कीजिए, जिन्हें आप अपने चित्र में लागू करेंगे।

15. मधुबनी चित्रकला भारत की प्रमुख लोक कलाओं में से एक है, जो अपनी विशिष्ट शैली के लिए प्रसिद्ध है। निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर विस्तार से लिखिए—

i. इसका उद्गम स्थान, इसका अन्य नाम तथा इसमें प्रयुक्त दो प्रमुख रूपांकनों (Motifs) का उल्लेख कीजिए।
ii. किन सांस्कृतिक अवसरों पर इसे बनाया जाता है तथा इसमें सामान्यतः कौन-से विषय दर्शाए जाते हैं?
iii. इस कला की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए जो इसे विशिष्ट बनाती हैं।

16. नीचे दिए गए चित्र का ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए—

i. चित्र का शीर्षक, गुफा का नाम एवं संख्या तथा यह किस राज्य में स्थित है, लिखिए।
ii. इसके निर्माण में प्रयुक्त तकनीक का संक्षिप्त वर्णन कीजिए तथा सामान्यतः प्रयुक्त रंगों का उल्लेख कीजिए।
iii. इस चित्र की कोई दो कलात्मक विशेषताएँ लिखिए जो इसे विशेष बनाती हैं।